## खबर संक्षेप

### मैहर में दर्शनर्थियों को गुमराह व परेशान करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कार्यवाही

मैहर। श्री दलालों द्वारा मैहर में सक्रिय दलालों द्वारा दर्शनार्थियों को गुमराह और परेशान करने पर पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक तीन व्यक्ति दर्शनार्थियों को अपनी पहचान की दुकान में ले जाने की बात पर आपस में वाद विवाद कर थे और मारपीट पर आमादा हो रहे थे। आरोपियों को धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर 151,107,116(3) जा.फौ. का इस्तगासा तैयार कर एसडीएम कार्यालय मैहर पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम राजकुमार पाल पिता छोटेलाल पाल उम्र 24 वर्ष निवासी सहिलरा,जीतेन्द्र सोनी पिता कृष्णदास सोनी उम्र 22 वर्ष निवासी लटागांव थाना बदेरा और विपिन सिंह पिता कुंजबिहारी सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी आरकंडी थाना मैहर जिला मैहर है।

### आबकारी विभाग ने अवैध शराब परिवहन करते एक युवक को किया गिरफ्तार

सतना। कलेक्टर के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के मार्गदर्शन में वृत्त नागौद प्रभारी विजय सिंह आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा अवैध मदिरा धारण एवं विक्रय के अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित (2000 )की धारा 34(2) गैर जमानती अपराध के तहत अपराध करते हुए एक प्रकरण उचेहरा में अवैध मदिरा धारण कर अवैध परिवहन करते हुए आरोपी के विरुद्ध कायम किया गया।आरोपी का नाम राहुल खटीक उर्फ़ प्रिंस उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नं 15 उचेहरा थाना उचेहरा है। मोटरसाइकिल नं एमपी-19-एनबी 3425 में लोड कर अवैध देसी मदिरा प्लेन 300 नग अर्थात 6 पेटियों में कुल 54 बल्क लीटर अवैध शराब धारण कर अवैध परिवहन करते हुए पकड़े जाने पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण कायम किया जाकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल भेजा गया एवं प्रकरण को विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक शंकर प्रजापति एवं मंगलदीन कोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



सतना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने सोमवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ईवीएम वेयरहाउस का रुटीन निरीक्षण किया। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री आरईएस अश्वनी जायसवाल, इलेक्शन सुपरवाइजर द्वारिकेंद्र सिंह एवं निर्वाचन शाखा में संलग्न कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घंटाघर के आस पास की दुकानों के सामने लगे शेडों को तोड़ा गया



## निर्धारित दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने की दी गई हिदायत

मैहर। मुख्य बाजार घंटाघर में जिला प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारियों सहित एसडीएम सुरेश जाधव,तहसीलदार जीतेंद्र पटेल,मुख्य नगरपालिका अधिकारी लालजी ताम्रकार,अतिक्रमण दस्ता और दल बल के साथ पहुंच कर घंटाघर के आस पास बनी दुकानों पर लगाए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही कि गई।

दुकानों के ऊपर पर लगाए गए अवैध टीन सेड को भी हटाया गया एवं जगह-जगह जमाए गए टपरों को भी हटाने की कार्यवाही की गई। विगत कई दिनों से लगातार नगरपालिका के द्वारा लोगों को सूचित किया जाता रहा है कि सड़क तक लगाई गई दुकानों से सामने लगाए गए अवैध अतिक्रमण को स्वंय ही हटा ले मगर व्यापारियों पर इस सूचना का कोई असर नही हुआ जिसके बाद आज कार्यवाही करते हुए नगरपालिका की जेसीबी मशीन से टीन शेडों को तोड़ा गया और अवैध जमाए गए टपरों को भी हटाया गया।



# दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट में भोपाल और ग्वालियर ने मैच जीते



### मैहर के अलाउद्दीन खां स्टेडियम में पहली बार दिव्यांग क्रिकेट मैच देखने उमडी भीड़

मैहर। हौसलों को उड़ान देने वाले मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन एवं मधुरिमा सेवा संस्थान फाउंडेशन के तत्वाधान में दिव्यांग प्रीमियर लीग का भव्य आयोजन मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर वर्मा के मुख्य अतिथि में दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया।इस टूर्नामेंट का पहला मुकाबला रीवा एवं ग्वालियर के बीच खेला गया जिसमें रीवा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया। रीवा की टीम ने 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 82 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी ग्वालियर की टीम ने 11ओवर 1 बाल में 4 विकेट खोकर 86 रन बनाकर 6 विकेट से मैच लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी इंदौर की टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट खोकर मात्र 79 रन ही बना सकी और 27 रन से हार गई। इस तरह आज के मैच में भोपाल और ग्वालियर ने अपने अपने मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश किया। आज 3 फुट के खिलाड़ी वेदांत गुप्ता आर्कषण का केन्द्र बने रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रेल कर्मचारियों ने की भूख हड़ताल

### मांगे नहीं मानी गई तो फरवरी में रेल लोको आंदोलन की चेतावनी

सतना। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन सतना शाखा द्वारा जेएफ आरआओपीएस के आह्वान पर सुबह 10 बजे से लोको लाबी सतना के समक्ष भूख हड़ताल प्रारंभ की गई। जिसमें कुल 25 कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठे। इनमें से लोको के कामरेड सत्यानंद शर्मा,कामरेड प्रिंस पटेल,कामरेड सुधीर,कामरेड रमाशंकर पांडे,काामरेड घनश्याम यादव, कामरेड फनी भूषण,कामरेड रविकांत,कामरेड ज्योतिंद्र,ट्रेन मैनेजर कामरेड लालबाबू, ट्रेन मैनेजर कामरेड



भास्कर पांडे,कामरेड राघवेंद्र,कॉमरेड रितेश,कामरेड चंद्रकमल, कामरेड ओम प्रकाश,कामरेड प्रमोद कुमार सिंह,इंजीनियरिंग रीवा से कामरेड पिंटू,कामरेड ओम प्रकाश, कामरेड मनीष,कामरेड बलवंत सिंह, कामरेड राजमणि, इंजीनियरिंग मैहर से कामरेड रवि कुमार पांडे, कामरेड भारत भूषण,कामरेड मोहन,कामरेड गुरुजी शुक्ला शामिल रहे। हार्टली कर्मचारियों के अतिरिक्त सैकड़ों कर्मचारियों ने हरातलीक कर्मचारियों के समर्थन में ऑप्स बहाली के लिए प्रदर्शन स्थल पर आकर बैठने का कार्य किया। कामरेड मनीष हिमांशु ने बताया कि अगर सरकार ने मांगे नहीं मानी तो फरवरी में रेल रोको आंदोलन का कार्य किया जाएगा। जब तक हमारी ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल नहीं होती है तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। सभा स्थल पर भारतीय किसान यूनियन के काम ईश्वर चंद्र त्रिपाठी ने उपस्थित होकर किसान की तरफ से भी अपना समर्थन वेस्ट सेंटर रेलवे एम्पलाई यूनियन को देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि जब भी कर्मचारियों को आंदोलन के लिए किसानों की आवश्यकता होगी तब किसान और कर्मचारी मिलकर सरकार के खिलाफ लड़ाई करने का कार्य करेंगे।

# गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में

सतना। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय में पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। जिला मुख्यालय में प्रातः 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जायेगा। इस आशय की जानकारी कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी संबंधी बैठक में दी गई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े,आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, सभी एसडीएम और विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिला मुख्ययालय,नगर निगम,नगर पालिका,नगर परिषद,जनपद एवं ग्राम पंचायतों के कार्यालयों में ध्वजारोहण के कार्यक्रम होंगे। जिला स्तरीय समारोह में जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल और होमगार्ड द्वारा संयुक्त परेड का आयोजन किया जायेगा। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की उपलब्धियों एवं विकासपरख झाकियां निकाली जायेंगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों को राज्य शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होने संपूर्ण गरिमा के साथ पूरे जिले में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम किये जाने के निर्देश भी दिये हैं।



### कलेक्टर ने ली तैयारियों संबंधी बैठक

# रेलवे माल गोदाम को शहर से बाहर करने व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

### 31 जनवरी तक निर्णय नहीं हुआ तो शहर में नहीं घुसने देंगे ट्रक

सतना। रेलवे के माल गोदाम को शहर के अंदर से अन्यत्र शिफ्ट किए जाने को लेकर मुहिम तेज हो गई है। सतना चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने व्यापक जनहित के इस मुद्दे पर जनसमर्थन जुटाने की कोशिशों के बीच सोमवार को माल गोदाम के सामने प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि अगर इस पर 31 जनवरी तक निर्णय नहीं हुआ तो ट्रकों को शहर में घुसने नहीं दिया जाएगा। व्यापारियों ने सोमवार को सतना चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल की अगुवाई में रेलवे माल गोदाम के सामने प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने माल गोदाम को शहर से बाहर शिफ्ट करने की मांग करते हुए नारेबाजी की और रेलवे के अधिकारियों को डीआरएम जबलपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए चेतावनी दी गई कि अगर इस मसले पर शीघ्रता से अब भी निर्णय न लिया गया तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन होगा। माल गोदाम आने-जाने वाले ट्रकों को शहर में घुसने नहीं दिया जाएगा। सतना चेंबर के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा कि रेलवे माल गोदाम को शहर से हटाने की मांग वर्षों से चली आ रही है, लेकिन रेलवे और सतना जिला प्रशासन ने इस पर कभी संजीदगी नहीं दिखाई। व्यापारियों पर नो एंट्री का नियम लागू है,लेकिन माल गोदाम के नाम पर दिन भर ट्रकों को शहर के अंदर आने जाने की विशेष अनुमति दे दी जाती है।प्रशासन के इस दोहरे मापदंड का खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। ट्रकों के कारण यातायात प्रभावित होता है और आये दिन हादसे होते हैं। अब तक जाने कितने लोग दुर्घटनाओं का शिकार हुए हैं, जबकि तमाम जानें भी जा चुकी हैं।सतना चेंबर ऑफ कॉमर्स ने व्यापक जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक भी की थी, जिसमें सर्वसम्मति से माल गोदाम शिफ्ट कराने के लिए हर लड़ाई लड़ने का संकल्प पारित हुआ है। महामंत्री मनोहर सुगानी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान छोटे- बड़े व्यापारियों के अलावा आमजनों ने भी शामिल हो कर इस लड़ाई को समर्थन दिया है। यह लड़ाई अब शिफ्टिंग के बाद ही खत्म होगी। सतना चेम्बर के प्रतिनिधि मंडल ने सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा से भी मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। कलेक्टर ने भी माना कि मालगोदाम को शहर से बाहर करने की मांग पूरी तरह से जायज़ और जनहित में है। उन्होंने कहा कि वे अपनी ओर से इस संबंध में सतना चेम्बर के ज्ञापन में सकारात्मक टीप लगाकर रेलवे अधिकारियों को भेज रहे हैं। प्रदर्शन में हरि प्रकाश गोस्वामी, सुरेंद्र शर्मा, रवि शंकर गौरी, सुरेश बड़ेरिया, हरिओम गुप्ता, पार्षद मनीष टेकवानी, संजय बंका, घनश्याम सोनी,दीपक बुधौलिया, मौसम ताम्रकार, आनंद अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल,आवान विपीर मंदिन आदि के अलावा बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# डी-ग्रेड में रहे विभाग तो कटेगा विभाग प्रमुख का वेतन

### कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

सतना। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में जिले में सीएम हेल्पलाइन के बढ़ रहे मामलों की संख्या को गंभीरता से लिया है। उन्होंने जिले में लंबित 21 हजार 339 शिकायतों का निराकरण अभियान मोड में कर इस संख्या को 15 हजार से नीचे लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगले सप्ताह में विभाग की शिकायतों के निराकरण की संख्या में गिरावट नहीं आने या ग्रेडिंग के दौरान विभाग के 'डी' ग्रेड में रहने की स्थिति में विभाग प्रमुख का वेतन काटा जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.परीक्षित झाड़े, कमिश्नर नगर निगम अभिषेक गहलोत,एसडीएम नीरज खरे,एसके गुप्ता,सुधीर बेक,एपी द्विवेदी,आरएन खरे,डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। सोमवार को समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन की 21339 शिकायतें लंबित पाई गई है। जिनमें राजस्व की 4691, महिला बाल विकास की 2003, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की 1984, ऊर्जा विभाग की 1826, पुलिस 1317 तथा खाद्य विभाग की 929 शिकायतें शामिल हैं। लगभग 18614 शिकायतें 50 दिवस से अधिक



की है। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन विभाग की दक्षता नापने का महत्वपूर्ण टूल है। सभी विभाग 50 दिन से अधिक और सीएम हेल्पलाइन का निराकरण संतुष्टिपूर्ण तरीके से अभियान स्वरूप करें। जिस विभाग की लंबित शिकायतों में वृद्धि परिलक्षित होगी या 'डी' श्रेणी में रहेंगे तो उस विभाग के प्रमुख अधिकारी का वेतन काटने की कार्यवाही होगी।

### कारण बताओ नोटिस जारी

लोक सेवा गारंटी के समय बाह्य प्रकरणों में कलेक्टर ने संबंधित विहित अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार टीएल की बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर एसडीएम मझगवां जितेंद्र वर्मा और एआरटीओ संजय श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जल जीवन के कार्यों की समीक्षा में स्कूल और आंगनबाड़ी के नल कनेक्शन के सुधार नहीं कराए जाने और अब तक सर्वे करने की जानकारी देने पर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी शरद सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि राशन दुकानों का सभी एसडीएम, सीएमओ, जनपद सीईओ आकस्मिक निरीक्षण प्रारंभ करें और जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं।

जो जहां पदस्थ है उसी विधानसभा क्षेत्र में हो नाम

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य अभी जारी है। इस दौरान 22 जनवरी तक फॉर्म 6,7,8 प्राप्त कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने,हटाने, संशोधन की कार्यवाही की जायेगी। सतना जिले के सभी विभाग प्रमुख और कार्यालय प्रमुख अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि वह स्वयं और उनके अधीनस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारी जो जहां पदस्थ हैं,उनके मुख्यालय की विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में उनका नाम जुड़ जाये। रिवीजन के पश्चात कार्यालय प्रमुख इस आशय का प्रमाण पत्र भी देंगे कि उनके विभाग,कार्यालय में ऐसा कोई कर्मचारी-अधिकारी नहीं है,जिसका नाम स्थानीय मतदाता सूची में नहीं जुड़ा हो।

### धान खरीदी केंद्रों का निरंतर निरीक्षण करें

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने एसडीएम,तहसीलदार तथा उपार्जन कार्य से जुड़े विभागों के अधिकारियों को जिले के धान खरीदी केदो का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 19 जनवरी तक धान की खरीदी की जायेगी। खरीदी के अंतिम दिनों में बहुधा गड़बड़ी किए जाने के आशंका रहती है।



# सिंधी गीत गायन और डांस प्रतियोगिता 14 जनवरी को

सतना। नववर्ष में 14 जनवरी को सिन्धी गीत गायन और डांस प्रतियोगिता का यह महासंग्राम सिमरिया चौक स्थित टाउन हाल में होने जा रहा है। सिन्धू आइडल-2024 की यह प्रतियोगिता दो दिवसों और तीन चरणों मे आयोजित होगी। जिसमे दिनांक 13 जनवरी शनिवार सुबह 10 बजे से प्रथम चरण आडीशन और 14 जनवरी रविवार सुबह 10 बजे दूसरे चरण रिहल्सल एवं शाम 5 बजे तृतीय चरण मुख्य कार्यक्रम सिन्धू आइडल-2024 का आयोजन होगा। दो दिवसीय यह आयोजन आवाज-टेस्ट तथा डांस का आडीशन प्रथम दिवस और रिहल्सल वा मुख्य कार्यक्रम-सिन्धू आइडल-2024 द्वितीय दिवस टाउन हाल में ही होगा। संगीत हेतु बेहतरीन म्युजिशियन्स टीम कार्यक्रम में सहभागिता दे रही है गीत गायन प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में प्रख्यात कवि-गायक,गीतकार नारी लच्छवानी,दिलीप लालवानी भोपाल एवं संगीताचार्य बी.डी. रूपलानी रीवा शिरकत करेंगे। वहीं डांस के निर्णायक की भूमिका में बंटी खत्री (कबीर) रायपुर वा सुश्री उर्वी आहूजा बिलासपुर रहेंगे। इस आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में फिल्म अभिनेता और निर्देशक प्रेम सावलानी तथा समाज सेवी भारतीय सिन्धू सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विनीता भावनानी बिलासपुर (छत्तीसगढ़) भी सम्मिलित होंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सतना जिले मे सतना, मैहर, नागौद, जैतवारा के साथ प्रदेश के रीवा, कटनी, नरसिंहपुर, भोपाल, शहडोल, बुढार, सीधी,एवं छत्तीसगढ से बिलासपुर,रायपुर और उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद,कानपुर के अलावा राजस्थान के अजमेर इत्यादि के प्रतियोगियों ने सिन्धू आइडल-2024 में न केवल रोमांच पैदा कर दिया है बल्कि आयोजको का उत्साह भी चरम पर पहुंचा दिया है।

खबर संक्षेप

## संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल से किये गये सम्मानित



**पन्ना।** 10वीं स्टेट एज्युकेशन डिपार्टमेंटल स्पोर्ट्स 2024 में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में 100मीटर में श्री विपिन अग्रवाल ने सिल्वर, लंबी कूद में धन प्रसाद शर्मा ने सिल्वर,गोला फेंक में श्री रामानन्द सिंह ने सिल्वर तथा श्री टेकबहादुर सिंह ने क्रमशः गोला में कांस्य तथा भाला में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

## थाना शाहनगर अंतर्गत ग्राम सुडौर में मिली लाश की हुई सिनाख्त



**पन्ना।** जिले के थाना शाहनगर अंतर्गत ग्राम सुडौर में सबसे पहले अज्ञात लाश के रूप में मामला सामने आया था वहीं पुलिस ने अपनी कार्यवाही को अंजाम में देते हुये उक्त लाश की सिनाख्त की कार्यवाही करवाने का कार्य किया। जिसमें उक्त व्यक्ति की लाश हरसित पिता आनन्द राजपूत उम्र लगभग 20-22 वर्ष निवासी इटौर मझगवां थाना अमानगंज के रूप में पहचान की गई है। वहीं थाना शाहनगर में थाना प्रभारी के बताये अनुसार उक्त मामले में मर्ग कायम करते हुये मामले को विवेचना में लिया गया है। यह तो पुलिस की पड़ताल के बाद ही ज्ञात हो सकेगा उक्त व्यक्ति की मौत कैसे और किन कारणों से हुई यह तो पुलिस की विवेचना के बाद ही सामने आयेगा।

## गुनौर में अज्ञात पुरुष की अधजली लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप



**पन्ना।** अज्ञात पुरुष की अधजली लाश मिलने से गुनौर क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। ऐफ.ऐस.ऐल. टीम और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जांच में जुटी हुई है। बताया जाता है कि गुनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुनौर बायपास मार्ग के सामने, फॉरेस्ट प्लांटेशन के अंदर की घटना है। बताया जाता है कि आज दोपहर करीब 2रू30 बजे के आसपास लोगों ने थाना प्रभारी गुनौर को सूचना दी की बालाजी सरकार मंदिर की ओर जाने वाली सड़क की बांई और वन विभाग की फॉरेस्ट प्लांटेशन के पास है अधजली लाश पड़ी हुई है जिस पर तुरंत थाना प्रभारी मौके पर दल-बल सहित पहुंचे एवं अन्य जांच दल वहां पहुंचा एवं जहां जांच शुरू कर दिया गया है। पुलिस ने कई लोगों से उसकी शिनाख्त की मगर अभी तक किसी प्रकार के सूत्र घटना से संबंधित प्राप्त नहीं हुए हैं जिससे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। पुलिस का कहना है की जांच उपरांत इस संबंध की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## टीएल बैठक संपन्न

**पन्ना।** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आज संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक हुई।

# लंबे अरसे से जमे विभाग प्रमुख क्या विकास को गति देंगे या कि स्वयं के हित को ही साधते रहेंगे

**विकास को लेकर दिशा की बैठक को लेकर स्वयं खजुराहो सांसद व प्रदेशाध्यक्ष कर सकते है गौर**

**विकास की अवधारणा को लेकर विभाग प्रमुखों का योगदान आखिर क्या साबित हुआ यह भी पड़ताल का विषय**

जिले के विकास में जहां नवनिर्वाचित विधायकों की भूमिका प्रमुख रूप से मानी जा रही है वहीं जिले के विकास में जिला प्रशासन के सहयोगी टीम के रूप में विभाग प्रमुखों की भूमिका जो स्वयं ही विकास के लिये अपने विभाग के उत्तरदायी माने जाते है ।



पन्ना।

ऐसे लगातार 5 वर्षों से भी अधिक समय या 3 वर्ष से जमे विभाग प्रमुखों के द्वारा जिले में इनके विभाग से क्यश भूमिका विकास की दिशा को लेकर आगे बढ़ाई गई है पड़ताल का विषय है आखिर जब विभाग प्रमुखों की सोच ही स्वयं के हित तक सीमित हो जाती है तो फिर जिले के विकास को गति मिलना कठिन मानी जाती है।

वर्तमान समय में जिले को विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिये नवनिर्वाचित तीनों विधायकों का प्रमुख योगदान माना जा रहा है वहीं जिला प्रशासन के सहयोगी टीम के रूप में विभाग प्रमुखों का योगदान को नकारा नहीं जा सकता वहीं जो विभाग प्रमुख 5 वर्ष से लगातार 3 वर्ष से अधिक अपने विभाग में दायित्व निर्वाहन कर रहे है इनके द्वारा प्रगति पथ को कितना आगे बढ़ाया गया है सरकार के द्वारा जनहित को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनायें भले ही चलाई जाती है पर विभाग प्रमुख इन योजनाओं को जमीनी रूप में कियान्वयन करके अंजाम देते है। वहीं विभाग प्रमुख की सोच जब स्वयं के हित में ही तय होने लगती है तो जिले के विकास की दिशा कहीं न कहीं कठिन साबित होती है उदाहरण के तौर पर कई विभाग प्रमुख जिले में लंबे अर्से से जमे है जो अपने आप को स्वयं ही स्वभू मानते है इन परिस्थितियों के चलते कैसे जिले को विकास के पथ पर आगे प्रमुखता से लाया जायेगा। जब विभाग प्रमुख ही अपनी योजनाओं में मनमानी के हालात को लेकर जाने जायें वहीं विभाग में जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की सोच विभाग प्रमुख की कार्यप्रणाली से ही जानी जाती है इन हालातों पर जिले के तीनों विधानसभाओं के विधायकों को निश्चित ही गौर करना होगा। आखिरकार विभाग प्रमुख की सोच व उनकी प्रगति पथ को लेकर क्या कार्य किये गये है इसकी पड़ताल करना भी लाजमी है वहीं इनके द्वारा स्वयं के हित को कितनी प्राथमिकता दी जा रही है या जिले के विकास में इनका योगदान कितनी महति भूमिका को लेकर तय हो रहा है यह तो विभागवार समीक्षा से ही संभव होता है। कहने को दिशा की बैठक कभी-कभी होती है पर यह दिशा की बैठक महत्वपूर्ण मानी जाती है जिले के विकास में जो योजनायें प्रमुख रूप से विकास को लेकर लागू की गई है केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा इन पर विकास कार्यों की भूमिका को जमीनी रूप में पटल पर कितना लागू किया गया। जिसमें विभाग प्रमुख का दायित्व ही प्रमुख माना जाता है। उदाहरण को लेकर लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री सड़क विभाग तथा पी.एच.ई. विभाग, महिला बाल विकास विभाग वहीं जल संसाधन विभाग जो विकास को लेकर प्रमुख रूप से माने जाते है। साथ ही बात करें मुख्य रूप से जिला पंचायत की जहां जिला पंचायत सदस्यों, उपाध्यक्ष तथा अध्यक्ष की भूमिका के साथ-साथ जिला पंचायत में भी कई शाखाओं के जिम्मेदार जो इस जिले की प्रगति के लिये प्रमुखता से माने जाते है। जब तक संपूर्ण टीम की सोच जिले को प्रदेश में विशेष दर्जा या विकाससील जिला तय करने के लिये ठाना नहीं जायेगा तब तक जिस तरह से जिला अभी तक चल रहा है वहीं हालात कायम रहेंगे। देखना यह है कि आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर दिशा की बैठक में खजुराहो सांसद व प्रदेशाध्यक्ष की भूमिका कितनी कारगर साबित होगी यह तो दिशा की बैठक से ही सामने आयेगा।



## तीनों विधानसभाओं में संकल्प यात्रा में शामिल हो रहे विधायक क्षेत्र की जनता कर रही स्वागत

पन्ना।

पीएम मोदी की गारंटी की गाड़ी संकल्प यात्रा को लेकर जहां अलग ही पंचायत स्तर तक पहुंच रही है वहीं तीनों विधानसभाओं में संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में विधायकों की भागीदारी भी अपने-अपने क्षेत्र में बखूबी हो रही है वहीं आम जनता अपने क्षेत्रीय विधायक को लेर उत्साह के साथ कहीं तुलादान तो कहीं कलश रखकर इंतजार करती नजर आ रही है। संस्कृति के अनुसार अपने जनप्रतिनिधियों का स्वागत जिले में तीनों विधानसभाओं में बखूबी जनता के द्वारा किया जा रहा है वहीं विधायक भी अपनी जनता का आभार व्यक्त कर रहे है। साथ ही जिस तरह से उत्साह व उमंग है पूरे जिले में तीनों विधानसभाओं में भगवामय हालात नजर आ रहे है जहां अब विकास को लेकर मोदी की गारंटी संकल्प यात्रा में लोगों के विकास को सपने के रूप में साकार करने के लिये मानी जा रही है वहीं इस समय जहां विधानसभा चुनावों के सम्पन्न होने के बाद प्रथम आगमन विधायकों का पंचायतवार संकल्प यात्रा में कहीं शामिल तो कहीं अलग से भी इनके कार्यक्रम चल रहे है जहां बखूबी जनता का प्यार अपने विधायकों के लिये उमड़ता हुआ नजर आ रहा है। वहीं अब विधायकों की जिम्मेदारी भी कितनी साबित होगी विकास को लेकर जो किये थे वादे क्षेत्र में अब कितनी तत्परता से उन्हें पूरा करने के लिये कार्य किया जायेगा। इस पर भी गौर करना लाजमी है देखना यह है कि जनता के प्यार का कब तक उनकी उमंग का उपहार जन प्रतिनिधियों के द्वारा पूरा किया जायेगा।

## महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रमों से भावी भविष्य की ओर महिलाओं की तय होगी भूमिका

**10 जनवरी से 15 जनवरी तक जिले में महिला आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण की दिशा को लेकर कई कार्यक्रमों को आयोजित किये जाने को लेकर माना जा रहा है**

पन्ना।

महिला सशक्तिकरण की दिशा से ही समाज की मजबूती को लेकर दिशा तय करने के लिये प्रमुख माना जा रहा है महिलाओं की जागरूकता व सशक्तिकरण से परिवार सशक्त होता है परिवार से गांव व समाज के सशक्त होने की राह तय होती है।

शिक्षा के क्षेत्र में हो या कि अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के द्वारा वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा के इस दौर में समाज को आगे सशक्त बनाने के लिये महिलाओं की आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण को निश्चित ही आवश्यक माना जा रहा है वहीं महिलाओं की आत्मनिर्भर होने से जहां परिवार के विकास में उनकी महति भूमिका साबित होती है जिससे परिवार का विकास भी जाना जाता है वहीं परिवार से गांव व समाज की दिशा तय होती है विकास को लेकर यहां जिला प्रशासन के द्वारा 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण आधारित विभिन्न आयोजन कार्यक्रम के रूप में अंजाम दिये जाने को लेकर दिशा तय की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगे



मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में बहनों के खातों में 10 जनवरी को राशि अंतरित की जायेगी। वहीं मकर संक्रांति पर्व के दौरान महिला आधारित सशक्तिकरण की दिशा को तय करते हुये कार्यक्रमों को लेकर जहां महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिये जो योजनायें कियान्वयन करते हुये चलाई जा रही है जिससे आर्थिक रूप से महिलायें आत्म निर्भर हो रही है। साथ ही उनके रोजगार पर आधारित कार्यक्रम भी होंगे। निश्चित ही जिले में इस तरह के आयोजन महिलाओं की प्रगति को लेकर एक दिशा देते है। कई सफल महिलाओं का अनुकरण करते हुये अन्य महिलायें भी जहां उस राह को तय करती है यह निश्चित ही माना जाता है कि जब किसी परिवार की महिला आर्थिक रूप से स्वयं सशक्त होती है तो परिवार में उनकी भूमिका भी अलग ही जानी जाती है जिससे परिवार व समाज की राह विकास को लेकर जानी जाती है।

## सूखे बिहर (कुआ) में गिरे बैल का पुलिस और गांव वालों की मदद से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया बाहर





**थाना प्रभारी धरमपुर की मदद से बैल की बची जान**

पन्ना।


थाना धरमपुर अंतर्गत ग्राम रामपुर का मामला विगत दिनांक 7/1/24 को अशोक सेन निवासी रामपुर ने थाना प्रभारी धर्मपुर को सूचना दिया कि एक बैल कुआ में 2 दिन पहले गिर गया है जो निकल नही पा रहा यदि बैल को समय से नहीं निकला गया निश्चित रूप से कुआ में ही उसकी मृत्यु हो जाएगी जो उक्त सूचना पर थाना प्रभारी धर्मपुर रतिराम प्रजापति तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर रात्रि 10 बजे ही ग्राम रामपुर पहुंच कर गांव वालो को इकट्ठा कर बैल को बाहर निकालने का रेस्क्यू चलाया गया करीब एक घंटे तक रेस्क्यू चला लेकिन बैल बाहर नहीं निकाला जा सका दिनांक 8/1/2024 को सुबह से फिर बैल निकालने का रेस्क्यू पुलिस बल और गांव वालो के द्वारा चलाया गया जो बैल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। थाना प्रभारी धर्मपुर की इस सराहनीय कार्य की चर्चा पूरे क्षेत्र में है सम्पूर्ण रेस्क्यू में थाना प्रभारी धर्मपुर रतिराम प्रजापति, बीट प्रभारी एएसआई हरिश्चंद्र राठौर आरक्षक अजय पटेल एवम ग्राम रामपुर के सरपंच, सेकेट्री, और गांव वालो का सराहनीय योगदान रहा।

## सौतेले पिता को अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोप में दोहरा आजीवन कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनाक 04.07.2023 को फरियादिया ने अपनी मां के साथ थाना उपस्थित आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि मै जब बहुत छोटी थी तब मेरे पिता की मृत्यु हो गयी थी उसके बाद मेरी मां की शादी रामदीन चौधरी से हुयी थी। मैं और मेरा भाई मेरे पहले पिता की संतान है मै और मेरा भाई अपनी मां के साथ रहते थे। मेरी मां और पिता रामदीन चौधरी दिल्ली मजदूरी करने चले गये थे और मुझे दादा के बूढ़े होने से उनकी देखरेख करने के लिये गांव में ही छोड़ गये थे दिनांक 26.06.2023 को मेरी चाची खत्म हो गई थी तो दिनांक 27.06.2023 को पिता दिल्ली से आ गये थे मां दिल्ली में ही थी, दिनांक 03.07.2023 को रात को खाना पीना कर मैं कमरे के अंदर किवाड लगाकर सो गई थी बाहर दादा और पापा सोये थे कमरे के किवाड की साकर ढीली होने से धक्का मारने से खुल जाती है रात करीव 1.00 बजे मेरा पिता रामदीन कमरे के अंदर आया और मेरे शरीर में हाथ फेरने लगा तब मेरी नींद खुल गई मैने उठकर देखा घड़ी में 1.00 बजा था, मैने पापा से बोला क्या कर रहे हो तो दो तीन थप्पड मेरे दाहिने गाल पर मारे और मेरा मुंह दबाकर बिस्तर में लिटा दिया और मेरे साथ जबरजस्ती मेरे ऊपर चढ़कर गलत काम किया और बोला कि किसी से यह बात बताई तो मार के फेंक दूंगा और बाहर चला गया मैं बिस्तर में डरी हुई लेटी रही इसके करीब दो घंटे बाद फिर से पिता रामदीन कमरे के अंदर घुसकर जबरजस्ती मेरा मुंह दबाकर दुबारा मेरे साथ गलत काम किया और बाहर चला गया। सुबह मैने दादी और चाची को सारी बात बताई दोनों ने कहा कि आज तुम्हारी मम्मी दिल्ली से आने वाली है उसको बता देना फिर सुबह करीब 10.00 बजे मेरी मम्मी घर आयी तब मैने सारी बात बताई व मम्मी के साथ थाना रिपोर्ट करने आयी हूं फरियादिया की रिपोर्ट पर से अभियुक्त रामदीन चौधरी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया था दौरान विवेचना घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया, अभियोक्त्री के कथन लेखबद्ध किये गये। आरोपी रामदीन चौधरी के विरूद्ध अपराध सिद्ध पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उक्त अपराध को शासन द्वारा जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप मे चिन्हित किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की विवेचना मेघा मिश्रा (उप निरीक्षक) द्वारा की गयी। माननीय न्यायालय श्रीमान महेन्द्र मंगोदिया, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ।

## नगर में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने घर-घर वितरण किए गए अक्षत

**गुनौर ।** बहु प्रतीक्षित नगर अयोध्या में बड़े संघर्षों के बाद भगवान प्रभु श्री राम का मंदिर निर्माण होने के साथ 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2080 को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में नवीन मंदिर के गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठा होना है इस शुभ अवसर पर सभी सनातन धर्मावलंबियों को अयोध्या श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर-घर अक्षत पत्रक भेजे गए हैं जिसका वितरण आज गुनौर नगर में बरघाट हनुमान मंदिर से भब्य रथ में शोभा यात्रा निकालकर पूरे नगर में घर-घर हल्दी युक्त अक्षत पत्रक आमंत्रण पत्र वितरित किए गए इस अवसर परविश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड गुनौर के अध्यक्ष अशोक अवस्थी मंत्री सुरेश द्विवेदी नगर अध्यक्ष रविंद्र त्रिपाठी उपाध्यक्ष बृजेश द्विवेदी संयोजक निखिल खरे मठ मंदिर प्रमुख रविंद्र त्रिपाठी सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह सचिन पाठक संयोजक केदार राजपूत नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह उपाध्यक्ष चंदन सपेरा सैकड़ो महिलाओं सहित सनातन धर्मावलंबियों ने हर्षोल्लास बैंड बाजा के साथ आमंत्रण वितरण कार्यक्रम में सहभागिता निभाई । इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा सभी लोग प्राण प्रतिष्ठा के दिन 11:00 बजे से 1:00 बजे के मध्य दिन में अपने ग्राम मोहल्ले कॉलोनी में स्थित मंदिर मेंआस पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके भजन कीर्तन करें टेलीविजनलगाकर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखाएं शंख ध्वनि घंटा नांद आरती करें प्रसाद वितरण करें कार्यक्रम का स्वरूप मंदिर केंद्रित रहे अपने मंदिर में स्थित देवी देवताओ का भजन कीर्तन आरती पूजा तथा श्री राम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार





सामूहिक जाप करें इसके साथ हनुमान चालीसा सुंदरकांड राम रक्षा स्तोत्र आदि जो भी कर सकते हैं करें । इससे सभी देवी देवता प्रसन्न होंगे वातावरण सर्वत्र सात्विक एवं राम में हो जाएगा ।प्राण प्रतिष्ठा समारोह दूरदर्शन द्वारा सीधे प्रसारित किया जाएगा अनेक चैनल के माध्यम से भी प्रसारण किया जाएगा प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायं काल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाएं दीप मल्लिका सजाकर विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाया जाए । सभी जनसाधारण से निवेदन है की प्राण प्रतिष्ठा दिन के उपरांत तथा प्रभु श्री राम लला नवनिर्मित मंदिर के दर्शन हेतु अपने अनुकूल समय अनुसार अयोध्या में अपने घर में उपस्थित रहकर ही परिवार सहित शामिल हों ऐसा सभी से निवेदन है ।

## मोहन्द्रा व रानीपुर पड़रिया के मध्य वृक्षों की लगातार कटाई को लेकर जिम्मेदार कौन

**वृक्ष लगाना तो दूर प्राण वायू देने वाले वृक्षों को ही काटकर क्या संदेश देना चाहते है लोग**

पन्ना।

कहने को तो अपने जीवन को सुरक्षित करने के लिये लोग स्वयं प्राण वायु प्रदान करने वाले वृक्षों को लगाने के लिये वृक्षारोपण को अंजाम देते है पर वृक्ष लगाना तो दूर वृक्ष काटना कहां तक लाजमी

समरिया तहसील अंतर्गत आने वाले मोहंद्रा ग्राम एवं रानीपुर और पड़रिया के मध्य लगातार हो रहे अवैध वृक्षों की कटाई पर शासन प्रशासन किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दे रही शासन प्रशासन हाथ में हाथ रखे हुए आराम से चैन की नींद सो रही है पर्यावरण के लिए वृक्षों का कितना महत्व है कोरोना कॉल में ऑक्सीजन की कमी से कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी वृक्षों से ही ऑक्सीजन मिलती है वृक्षों में भी जान होती है बात करेंगे सिमरिया तहसीलदार से प्रशासनिक अधिकारियों से की आखिर यह अवैध कटाई वृक्षों की क्यों हो रही है और इसमें कार्यवाही कब तक होगी।





## खबर संक्षेप



### बक्सवाहा में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बक्स्वाहा।** बड़ामलहरा विधानसभा क्षेत्र के बकस्वाहा तहसील के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम विधायक रामसिया भारती के नजदीकी भाई तुलसी लोधी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराए जाने का ज्ञापन तहसीलदार घुवारा भरत पांडे को सौंपा। बता दें विधायक रामसिया भारती के नजदीकी भाई तुलसी लोधी द्वारा बीते गुरूवार की रात बड़ामलहरा निबासी पत्रकार नरेंद्र दीक्षित के साथ फेसबुक पोस्ट को लेकर मोबाइल फोन पर अभद्रता पूर्ण वातावरण किया गया और मारपीट कर देख लेने की धमकी दी गयी जिसके विरोध स्वरूप शुक्रवार को बड़ामलहरा व शनिवार को घुवारा एवं सोमवार को बकस्वाहा तहसील के पत्रकारों ने एकजुट होकर बकस्वाहा तहसीलदार को ज्ञापन दिया। उक्त ज्ञापन देने वालों में पत्रकार विनोद जैन, राजू दुबे, अभिषेक असाटी, नवनीत जैन, अंशुल असाटी,अनिल जैन, आशीष चौरसिया आदि पत्रकार मौजूद रहे।

### वृद्ध आदिवासी पर भालू ने किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर



**बक्सवाहा।** बकस्वाहा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम सगोरिया निवासी गनपत आदिवासी उम्र 59 वर्ष को भालू ने अपना शिकार बना लिया जिसमें गनपत आदिवासी बुरी तरह घायल हो गया। मामला सोमवार सुबह 7 बजे का है जब गनपत आदिवासी अपने खेत के पास जंगलों में लकड़ी इक_ी करने गया था। जंगल में कोहरे की वजह से वृद्ध खतरे का अनुमान नहीं लगा पाया और लकड़ी इक_ी करते हुए भालू के नजदीक जा पहुंचा भालू ने वृद्ध आदिवासी पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना की सूचना ग्रामीणों को मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी 108 को दी लेकिन रास्ता खराब होने की वजह से एम्बुलेंस घटना स्थल तक नहीं पहुंच सकी। ग्रामीण अपनी व्यवस्थाओं से घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बक्सवाहा लाए जहां पर प्राथमिक उपचार के उपरांत घायल वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### लंबित प्रकरणों का निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित के निर्देश

**अनूपपुर।** 08 जनवरी राजस्व सेवाओं के लंबित प्रकरणों का सकारात्मक निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित किया जाए। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अधीक्षक भू-अभिलेख उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व लेखा प्रणाली अंतर्गत भू-राजस्व, पंचायत उपकर, शाला उपकर के बकाया वसूली के लक्ष्य को कार्ययोजना बनाकर निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार जैतहरी को मोजर बेयर कम्पनी से डायवर्सन की बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मोजर बेयर कंपनी यदि एक सप्ताह के भीतर बकाए की सम्पूर्ण राशि जमा नही करती है, तो उक्त कंपनी के बैंक खाते सीज कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 में दिए गए प्रावधानों के तहत कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी जैतहरी के समक्ष नस्ती प्रकरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# मातगुवां पुलिस अंकुश लगाने में नाकाम

## अौवध शराब के आए दिन वीडियो हो रहे वायरल

### सुविधा शुल्क के चलते थाना प्रभारी मूकदर्शक बने बैठे, गांव गांव में बिक रही अवैध शराब?

थाना पुलिस की मिली भगत से शराब ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से गांव - गांव में शराब बेची जा रही है। शराब ठेकेदार के गुर्गे थाने के सामने से शराब की पेटियां लेकर दिन में भी निकलते हुए देखे जा सकते हैं।






**मातगुवां।**

ठेकेदार द्वारा छोटे छोटे गांवों में अवैध शराब के पेटियां पहुंचाई जा रही है। शराब के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आपराधिक घटनाएं भी बढ़ रही है। अवैध रूप से शराब का परिवहन करते हुए कई वीडियो मातगुवां क्षेत्र वायरल हो रहे है। उसके बावजूद स्थानीय जनप्रतिनिधि और ना ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने शराब जैसे अवैध धंधे को लेकर कोई प्रतिक्रिया दी है।

ठेकेदार द्वारा दिन दहाड़े अवैध शराब बेची जा रही, पुलिस, आबकारी विभाग नतमस्तक -

थाना क्षेत्र के हर गांव-गांव में ठेकेदार द्वारा दिनदहाड़े अवैध शराब बैची जा रही है। सुविधा शुल्क के चलते थाना पुलिस और आबकारी विभाग नतमस्तक हैं। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे है। अवैध शराब के आए दिन वीडियो हो रहे वायरल। सूत्रों ने जानकारी में बताया कि मातगुवां शराब ठेकेदार द्वारा ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में पुलिस के संरक्षण में खुलेआम जगह-जगह और गांव गांव में खराब बेची जा रही। इसके अलावा थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर कच्ची शराब भी बनाई जा रही है। पुलिस के अलावा आबकारी विभाग भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके चलते यह कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। दिन में भी थाने के सामने से दिनभर ठेकेदार के द्वारा अवैध शराब की खेप ले जाते देखा जा सकता। यह बात पुलिस को भी पता है। जब शराब ठेकेदार के कर्मचारी अवैध शराब की खेत लेकर जा रहे थे, उनसे कैमरे के सामने पूछा की अवैध शराब थाने के सामने से ले जाने में डर नहीं लगता है, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब दिया की पुलिस को हर महीने मोटी रकम इसी बात की हमारा ठेकेदार देता है, कि हम किसी भी समय अवैध शराब कहीं पर भी ले जा सके।

#### इनका कहना है

आपके द्वारा जानकारी मिली है, मैं वीडियो फुटेज देखकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करता हूं।

**पुष्पेंद्र यादव**
**थाना प्रभारी**
**मातगुवां**

# 6 महीनों से ठप्प पड़े छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारंभ करने विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन



**नौगांव।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की छात्र इकाई ने पिछले 6 माह से बंद पड़े छात्रवृत्ति पोर्टल को प्रारंभ करने की मांग को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री के नाम का ज्ञापन महाविधालय के प्राचार्य को सौंपा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नौगांव के द्वारा प्रांत व्यापी ज्ञापन प्रदर्शन के साथ विगत 6 माह से ठप्प पड़े छात्रवृति का पोर्टल खोलने के लिए ज्ञापन दिया। विद्यार्थी परिषद के इकाई अध्यक्ष शैलेंद्र राजपूत का कहना है कि छात्रवृत्ति पोर्टल बंद होने के कारण प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी आज छात्रवृत्ति संबधी विभिन्न प्रकार की योजनाएं के लाभ से वंचित हो रहे है। जिनमें पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति, आवास भत्ता, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण जैसी योजनाओं का लाभ न मिलने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का विद्यार्थी जो छात्रवृत्ति संबधित योजनाओं के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेते है, अब उन विद्यार्थियों को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में 6 माह से छात्रवृत्ति का पोर्टल बंद होना उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही दर्शाता है। बजट व तकनीकी खराबी का हवाला देते हुए विद्यार्थियों को नकार दिया जाता है जिस कारण व्यवस्थाओं के प्रति विद्यार्थी समुदाय का विश्वास भी घटता जा रहा है। इन्हीं सब समस्याओं को लेकर सोमवार को विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शासकीय बापू महाविद्यालय नौगांव के प्राचार्य को उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के नाम ज्ञापन सौंपते हुए, अतिशीघ्र छात्रवृत्ति पोर्टल खोलने एवं विद्यार्थियों की लंबित छात्रवृत्ति प्रदान करने की मांग की। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य स्वेच्छा पाठक,भाग संयोजक आशुतोष गुप्ता, नगर मंत्री उपदेश मिश्रा, महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष शीलेंद्र राजपूत, महाविद्यालय इकाई मंत्री सत्यम यादव, नगर सह मंत्री आशीष यादव, सह मंत्री प्रशांत सेन राजवीर सिंह बुंदेला, एसएफडी प्रमुख रौनक द्विवेदी, नगर कार्यालय मंत्री मनोज बिछोले, अमृतांश रिछारिया, नवदीप मिश्रा, पार्थ मिश्रा, वरुण यादव, अरविंद अहिरवार सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता में महाविद्यालय के छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।




# विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों को दें योजनाओं का लाभ: कलेक्टर

**छतरपुर।**

कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में सोमवार को टीएल बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, सहायक कलेक्टर कार्तिकेय जायसवाल सहित एसडीएम, सीएमओ, सीईओ जनपद पंचायत सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी बाल संप्रेक्षण गृह की जांच करें और बिना अनुमति के संचालित होने सहित अन्य कमियां मिलने पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि दुकानों आदि प्रतिष्ठानों में बाल श्रम करवाने वालों पर भी कार्यवाही करें। कलेक्टर श्री जी.आर. ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि बाल श्रम करते बच्चे दिखें तो तत्काल 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर जानकारी दें।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में खण्डस्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से यात्रा के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नौगांव जपं सीईओ को यात्रा में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि एक भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कैम्प लगाकर आमजन को योजनाओं की जानकारी दें और लाभांवित करें। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान बकरी पालन करने की योजना की जानकारी भी दें और एक साधारण फॉर्म बनाएं जिसमें आवेदन प्राप्त करें।

# पेट्रोल पम्पों पर वाहन चालकों को बताए गए यातायात नियम

### यातायात पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

**छतरपुर।**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूकत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे यातायात जागरुकता अभियान के तहत सोमवार को साप्ताहिक बाजार सटई रोड, रामदेव नर्सिंग कॉलेज सहित छतरपुर शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर वाहन चालकों को यातायात के नियम बताकर उनका पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को ने अपनी टीम के साथ रामदेव नर्सिंग कॉलेज में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के स्टाफ को यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराया एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु एडवाइजरी एवं पंपलेट वितरित कर जागरूक किया। इसी तरह बाजार परिसर एवं पेट्रोल पंपों पर मौजूद वाहन चालकों को 18 वर्ष के पूर्व बिना वैध लाइसेंस के वाहन न चलाने, दो पहिया वाहन में सदैव हेलमेट लगाने, अनियंत्रित गति से वाहन ना चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करने, घायलों की सदैव मदद करने, इमरजेंसी वाहनों को रास्ता देने, यातायात सिग्नल तथा संकेत का पालन करने, वाहनों में आगे एवं पीछे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवाने के साथ-साथ सदैव यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। उपस्थित सभी नागरिकों को यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु हेलमेट एवं सीट बेल्ट धारण करने तथा कोहरे से बचाव हेतु एडवाइजरी पंपलेट का वितरण किया गया।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा

# 10 हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि योजना का मिला लाभ



**छतरपुर।**

कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के आठ विकासखण्डों एवं नगरीय निकायों में पहुंच रही है। सोमवार को नगरपालिका छतरपुर अंतर्गत वार्ड नं 01 से 05 एवं 38, 39 व वार्ड नं 46 में पहुंची। यात्रा का स्वागत विधायक श्रीमती ललिता यादव, नपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया एवं सीएमओ माधुरी शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ के प्रमाण पत्र सौंपे गए। जिसमें 10 पीएम स्वनिधि, 04 पीएम आवास किश्त से संबंधित आदि योजनाओं के लाभ से हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। हितलाभ मिलने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी कहानी भी सुनाई गई और अनुभव साझा किए गए।

### नगरीय क्षेत्र की योजनाएं

पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत च्डश्र।ल पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएस, उड़ान, बंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना। विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथों में लगी एलईडी स्क्रीन द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। योजनाओं का लाभ देने विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

### आज इन वार्डों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

09 जनवरी 2024 को छतरपुर शहर के सरानी दरवाजा के पास सुबह के पहर में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी। जहां वार्ड नं 6 से 14 के वार्डवासी शामिल होंगे। दोपहर के समय सटई रोड ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी के सामने विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी। जहां वार्ड नं 15 से 23 तक के वार्डवासी शामिल होंगे। सभी वार्डवासियों से यात्रा में शामिल होकर हितलाभ लेने की अपील की गई है।

# आंगनबाडि़यों में शाम के समय लाइब्रेरी की सुविधा देने के निर्देश

**छतरपुर।**

कलेक्टर श्री जी.आर. ने आगामी लोकसभा चुनाव अंतर्गत निर्देशित किया कि पिछले चुनाव के समय जो समस्याएं आईं हो वह रिपीट न हों। अभी से सीईओ जपं, सीएमओ, डीईओ, डीपीसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करलें। साथ ही निर्देशित किया कि लंबित कंट्रक्शन वर्क पूरा कर लें और टेंडर प्रक्रियाएं समय से पूरी करें।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी एवं स्कूल आदि के निर्माणाधीन कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि जहां पटवारी, सचिव एवं रोजगार सहायक निलंबित हैं, उनके प्रकरण को जांचते हुए अगर बहाल कर सकते तो बहाल करें अन्यथा बर्खाश्त करने के लिए प्रस्ताव भेंजे। कलेक्टर श्री जी.आर. ने कहा कि अधिकारी अपने द्वारा किये गये आदेशों का गंभीरता से पालन करवाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को रिटा. अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जी.आर. ने श्रद्धांजली कार्यक्रम के तहत लोगों के फौती नामांतरण करें और प्रत्येक सप्ताह इसकी समीक्षा करें। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनबाडि़यों में शाम के समय लाइब्रेरी संचालित करने की व्यवस्था बनाएं जिससे ग्रामीण बच्चों को पढ़ाई करने की सुविधा मिल सके। साथ ही स्कूलों के कम्प्यूटर लैब में समय निर्धारित कर स्कूल बंद होने के उपरांत ग्रामीण बच्चे कम्प्यूटर का सदुपयोग कर सकें। सुरक्षा के लिए कोटवारों की ड्यूटी लगाएं। सीएमओ को निर्देश दिए गए कि कोई भी ठेकेदार के हाथ में शासकीय फाइल न रहे तत्काल कार्यवाही करें।

### अधिकारियों को रूटीन में निरीक्षण करने के निर्देश

कलेक्टर श्री जी.आर. ने निर्देशित किया कि न्यायालीन मामलों में जवाब समय से प्रस्तुत करें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण डेलीवेस पर करें और एसडीएम टीएल के प्रकरणों को गंभीरता से देखें तथा निराकरण करें। उन्होंने पीओडूडा को हर हफ्ते सीएमओ स्तर पर लंबित शिकायतों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि अधिकारी रूटीन के हिसाब से विभिन्न प्रकार के निरीक्षण करते रहें। कलेक्टर ने होटल तथा अन्य व्यवसायिक कार्य में घरेलू गैस सिलेण्डर उपयोग करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसी क्रेशरों जहां सुरक्षात्मक उपाए नहीं किए गए और धूल को रोकने उपाए नहीं करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने एमपीईबी को निर्देश दिए कि रोड पर ट्रांसफार्मर नहीं रहें। अगर हैं तो शिफ्ट करें। उन्होंने नपा के सहयोग से ट्रांसफार्मर के नीचे सफाई कराने के निर्देश दिए तथा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### कैंटाबिल ने रिटेल में किया विस्तार



**वैधान।** परिधान निर्माताओं एवं रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने वैधान में अपना रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1500 वर्ग फुट क्षेत्रफल में फैलाए ब्रांड का यह स्टोर ग्राउंड फ्लोर, हर्राई मेन रोड, वार्ड नंबर 31, वैधान, जिला सिंगरौली, मध्य प्रदेश में स्थित है। स्टोर के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, दीपक बंसल ने कहा, हमें मध्य प्रदेश में अपने 29 वें रिटेल स्टोर के लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा कि एक ब्रांड के रूप में कैंटाबिल रिटेल को सभी आयु समूहों के मिड.प्रीमियम सेगमेंट में, ग्राहकों के बीच अच्छी तरह से स्वीकारा और सराहा गया है।

### कमिश्नर श्री सुचारी को राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने दी भावभीनी विदाई

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी का स्थानांतरण भोपाल में सचिव सामान्य प्रशासन विभाग किया गया है। स्थानांतरित श्री सुचारी को राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने सादे समारोह में भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर एडीजीपी केपी व्यंकटेश्वर राव ने कहा कि सुचारी जी बहुत सुलझे हुए अधिकारी हैं। शासन की योजनाओं तथा राजस्व कार्यों के संबंध में उनके पास असीमित ज्ञान का भण्डार है। हर छोटी-बड़ी बात पर उनकी निगाह हमेशा रहती थी। सुचारी जी के कार्यकाल में संभाग में कानून व्यवस्था को लेकर कई बार कठिन परिस्थितियाँ आईं लेकिन आपने शांत मन से उन्हें दूर करने के प्रयास किए। मुख्यमंत्री जी से लेकर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों का आप पर बहुत विश्वास है जिसके कारण रीवा संभाग में कई कठिन कार्य सरलता से हो गए। समारोह में स्थानांतरित कमिश्नर श्री सुचारी ने कहा कि जब मेरी रीवा में पदस्थापना हुई तो मन में कई तरह के भय थे। लेकिन रीवा में लगभग तीन वर्षों तक कार्य करके मुझे बहुत अच्छा लगा। यहाँ के लोग शिक्षित, जागरूक और लगनशील हैं। यदि यहाँ अधिकारी नियमों के अनुसार अपना काम करते हैं तो कोई परेशानी नहीं होती है। लेकिन किसी ने जरा सा भी इधर-उधर करने का प्रयास किया तो आपको कठिनाई होगी। रीवा से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। मुझे संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा अन्य अधिकारियों से अच्छा सहयोग मिला। जिसके फलस्वरूप रीवा संभाग नामांतरण तथा सीमांकन में प्रदेश में प्रथम स्थान एवं बंटवारा प्रकरणों में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने में सफल रहा। यहाँ के अधिकारी-कर्मचारी परिश्रमी और जानकार हैं।

विदाई समारोह में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि कमिश्नर सर हर छोटी-बड़ी प्रशासनिक गतिविधि पर नजर रखते थे। न्यायालयीन प्रकरणों तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त होने वाले पत्रों के संबंध में समय पर हम सबको सचेत कर देते थे। वट वृक्ष की तरह आपकी छत्रछाया में हम सब अपने आपको सुरक्षित महसूस करते थे। प्रधानमंत्री जी, मुख्यमंत्री जी तथा अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के दौरे, पंचायत एवं नगरीय निकायों के चुनाव, विधानसभा चुनाव तथा अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों में आपका मार्गदर्शन हमें सफल बनाता था। आपने हमेशा अधिकारियों-कर्मचारियों की चिंता की। आपकी सरलता और धैर्य सदैव हम सबको प्रेरित करता रहेगा। कलेक्टर ने समारोह में स्थानांतरित अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रसंशा की। समारोह में अपर कमिश्नर छोटे सिंह ने कहा कि सुचारी जी ने जब रीवा में पद्भार ग्रहण किया तब कमिश्नर कार्यालय में अधिकारियों के लगभग सभी पद रिक्त थे। आपने कठिन परिश्रम और लगन से कोरोना संकट में संभाग का नेतृत्व किया।

# लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता अवधिया कन्सल्टेंसी एवं टेस्टिंग लैब के संचालक पर मेहरबान

## दोष सिद्ध होने पर भी दे दिया अभयदान

**रीवा ।** लोक निर्मणि विभाग भ्रष्टाचारियों का अड्डा कहा जाये तो शायद गलत न होगा। मजे की बात तो यह है कि इस भ्रष्ट्राचार के दलदल में एक से बढकर एक महारथी अपने पैर जमाये बैठे है। जिनको पर अधिकारियों का खुला संरक्षण मिल है।

हाल ही में एक मामला आलोक में आया जिसमें जांच के दौरान अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब का कूट रचित तरीके से इम्पैनल प्राप्त किये जाने का है। इस बात का खुलासा विभागीय जांच के दौरान हुआ, जिसमें लोक निर्माण विभाग के एक अनुविभागीय अधिकारी सहित दो उपयंत्री शामिल रहे। जांच के दौरान लोक निर्माण विभाग के जांच टीम ने पाया कि अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब का संचालक बिल्डिंग मेंटीनेंस के एसक्यूसी के रूप में इम्पैनल प्राप्त करने के लिए कूट रचित अभिलेख विभाग में प्रस्तुत किये थे। जांच टीम ने विभागीय जांच का प्रतिवेदन 8/12/2023 को अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग रीवा मंडल को दिया साथ ही एक प्रति मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग को भी दी गई है। आश्चर्य की बात यह है कि जांच प्रतिवेदन दिये हुए एक माह गुजर गये लेकिन इन एक माह में विभाग में बैठे आला अधिकारियों ने अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब के संचालक के विरुद्ध न तो एफआईआर दर्ज करवाई और न ही उक्त लैब को काली सूची में डाला।




### बिफर गये मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री ने झाड़ा पल्ला

इस संबंध में जब समाचार पत्र द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण यंत्री से जानकारी चाही गई तो उन्होंने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि गलत जगह फोन लगाये है इस संबंध में सीई (मुख्य अभियंता लोनिवि) से जानकारी लें। जब सीई से जानकारी चाही गई तो वो बिफर पड़े उन्होंने कहा कि अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब का कोई दस्तावेज फर्जी नहीं है और न ही उसके खिलाफ कोई शिकायत ही आई है। जबकि शिकायतकर्ता इंद्रदेव सिंह की शिकायत पर मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा ही जांच टीम गठित कर जांच करवाई गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस विभाग के अधिकारियों से तो न्याय की उम्मीद ही नहीं दिख रही है अब न्याय पाने के लिए राजधानी और न्यायालय की ओर रूख करना पड़ेगा।

### अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब का सतना में दिख चुका कायाकल्प

अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब किस तरह से काम करता है इस बात का खुलासा सतना में हो चुका है। बताते नगर निगम द्वारा कायाकल्प योजना अंतर्गत प्रेमनगर में सिमेंटेड रोड का कार्य यूपी के एक ठेकेदार को दिया गया था। 90 लाख के कार्य की गुणवत्ता परखने का जिम्मा अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब को मिला। लैब के संचालक ने ऐसी गुणवत्ता पेश करी कि दो माह के अंदर ही कायाकल्प योजना का कायाकल्प हो गया।

# मनगवां पुलिस की दिखी उदारता 864 घंटे बाद भी दर्ज नहीं की मारपीट की एफआईआर

**रीवा।** अपराध में अंकुश लगाने पर मनगवां पुलिस कितनी तत्पर्य रहती है इसका उदाहरण एसजीएमएच में उपचार करवा रहे घायल से अंदाजा लगाया जा सकता है। घायल के साथ मारपीट हुए 864 घंटे गुजर गये आश्चर्य की बात है कि मनगवां थाना से पुलिस का एक परिंदा भी घायल से घटना के संबंध में जानकारी लेने नहीं पहुंचा। मजे की बात तो यह है कि मनगवां थाना में आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज नहीं हुई। मारपीट की वारदात 5 जनवरी को मनगवां थाना क्षेत्र के ग्राम तिवनी के चौथियान टोला में हुई थी। जहां फ्लिप कार्ड का डिलेवरी ब्याय नितिन तिवारी पिता नीलेश तिवारी 24 वर्ष के साथ मारपीट की थी। मारपीट का आरोप चंदन तिवारी पिता प्रदीप तिवारी, संजू तिवारी पिता



अरविंद तिवारी, सौरभ तिवारी पिता संतोष तिवारी, जितेंद्र पटेल सहित अन्य लोगों पर है। परिजनों का आरोप है कि आरोपीगणों से तलवार, लाठी और रॉड से हमला किया और लूट को अंजाम दिया। बताते चले कि घायल की मां वंदना तिवारी मनगवां वार्ड क्रमांक 2 से पार्षद भी है। मां ने बताया कि मारपीट में घायल हुए लडक़े को लेकर उपचार के लिए एसजीएमएच ले आई और एक लिखित शिकायत मनगवां थाना में की थी। थाना से अब तक कोई पुलिसकर्मी उनके लडक़े का बयान तक लेने नहीं पहुंचा। इस संबंध में जब थाना प्रभारी से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि मारपीट किये जाने की जानकारी जरुर है लेकिन उस मामले में अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। थाना प्रभारी ने तो यहां तक बताया कि उनको घायल के एसजीएमएच में चल रहे उपचार तक की जानकारी नहीं है।

# गैंग रेप के मामले में न्यायालय ने दोषमुक्त घोषित किया

**रीवा ।** न्यायालय श्री मान चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश महोदय रीवा( मध्य प्रदेश) समक्ष श्री मती पद्मा जाटव जी ने सत्र प्रकरण क्रमांक 16/2021 शासन बनाम पुष्पेंद्र सेन उर्फ बेटू वगैरह के मामले मे आज दिनांक 08/01/2024 को निर्णय पारित कर दोनो आरोपी पुष्पेंद्र सेन उर्फ बेटू व रवि उर्फ शैलेंद्र कुशवाहा को दोषमुक्त घोषित किया I अभियोक्ती ने थाना बिछिया जिला रीवा मे दिनांक 7.9.2020 को रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 3/08/2020 को आरोपीगण घर से रात मे सोते समय मुँह दबाकर उठा ले गए थे एवं दोनो ने बारी बारी से एक माह तक एकांत मे कमरे मे बलात्कार किया था,मौका पाकर अभियोक्ती



भाग कर थाना आई थी, अभियोक्ती के वायान और रिपोर्ट के आधार पर थाना बिछिया रीवा पुलिस ने आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रमांक ,251/2020 अंतर्गत धारा 376/34 भादवि पंजीबद्ध किया था, आरोपीगण फरार थे जिन्हे पुलिस ने बाद मे गिरफ्तार किया था, एवं विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया था न्यायालय ने सभी साक्षियों के साक्ष्य आहूत करने के उपरांत पाया कि अभियोजन प्रकरण को संदेह से परे प्रमाणित करने मे असफल रहा है एवं आज दिनांक 8/01/2024को निर्णय पारित कर दोनो आरोपियों को दोषमुक्त घोषित किया दोनो आरोपियों की तरफ से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता कुलदीप सिंह सोमवंशी ने की।

### शा. विधि महाविद्यालय में आयोजित हुआ हास्य नाटक का कार्यक्रम

**रीवा ।** सोमवार को दोपहर शा. विधि महाविद्यालय रीवा में नाट्य संस्था अमरवाणी थिएटर के कलाकारों द्वारा ३बहुत बड़ा सवाल३ नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक सुप्रसिद्ध नाटककार मोहन राकेश द्वारा लिखित है, जिसका निर्देशन मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित युवा निर्देशक अमर द्विवेदी ने किया। सह निर्देशन भरतलाल तिवारी ने किया। प्रस्तुति व्यवस्था विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेन्द्र तिवारी द्वारा की गई। नाटक की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। नाटक के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकगण, सभी विद्यार्थी और अन्य कला प्रेमी उपस्थित रहे। मोहन राकेश द्वारा लिखित यह नाटक सामाजिक ढांचा और सरोकारों पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। कोई भी व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों का निर्वहन ठीक से नहीं करता और ना ही किसी को अपनी मर्यादा की चिंता है।

## रानी तालाब में माता के दरबार में 12 जनवरी को आयोजित होगा विशाल भंडारा. उपमुख्यमंत्री रहेंगे उपस्थित

**रीवा ।** जिले के नगर के प्रतिष्ठित धार्मिक संस्थान रानी तालाब रीवा में 12 जनवरी को विशाल भंडारा एवं देवी पूजा का आयोजन किया गया है 12 जनवरी को सुबह 10:00 बजे देवी पूजा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा की जाएगी पूजन एवं आरती एवं आरती के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें संस्कृत संस्कृत कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा आयोजन समिति द्वारा



कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर कार्यक्रम की तैयारी बैठक की गई भंडारे में रीवा विधानसभा के साथ जिले की बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित हो इसके लिए आमंत्रण वितरण सहित आम जनों की उपस्थिति हो इस पर चर्चा की गई आयोजन समिति के सदस्य महेंद्र शुक्ला विवेक दुबे कमलेश सचदेवा अनिल बुधनी प्रमोद व्यास दीनानाथ वर्मा राजगोपाल चारी घनश्याम ताम्रकार अतुल जैन मोहित टंडन दीनानाथ वर्मा नरेंद्र गुप्ता योगेंद्र शुक्ला धनंजय सोनी विनोद गुप्ता वंशी साहू संजीव चावला विभुसूरी ओपी श्रीवास्तवनीरज पटेल शाहिद समस्त सदस्यों ने रीवा नगर एवं जिले के सभी जनों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# बिना परमिट उरमलिया बस जप्त और दूसरे दिन भी आल इंडिया बसों पर की गई कार्यवाही



**रीवा।** परिवहन विभाग द्वारा जिले में लगातार यात्री वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया जा रहा है आज की गई कार्यवाही में सीधी रीवा मार्ग पर बिना परमिट एक बस जप्त की गई। परिवहन सुरक्षा स्कवाड के द्वारा सीधी से रीवा वाया गड्डी मार्ग पर ऊर्मलिया ट्रेवल्स की बस सीधी की तरफ से रीवा आती हुई मिली जिसकी रोक कर जांच की गई जांच में बस में मौजूद स्टाफ के द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका जिसे जप्त कर बस को सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय रीवा में खड़ा कराया गया।कलेक्टर महोदय रीवा और मऊगंज के आदेशानुसार परिवहन विभाग द्वारा आर टी ओ रीवा के निर्देशन में लगातार मार्ग पर यात्री बसों के खिलाफ जांच अभियान जारी जिसमें आज भी ऑल इंडिया बसों पर नियम विरुद्ध चलते पाये जाने पर चालानी कार्रवाई की गई,जिसमें 79000 का राजस्व कार्रवाही से वसूल किया गया।

# अमृत सरोवर में करोड़ों रुपए खर्च, पानी बूंद भर नहीं

**रीवा।** जनपद पंचायत नईगढ़ी द्वारा कुल 9 अमृत सरोवर में से 8 अमित सरोवरों को लगभग पूर्ण की स्थिति में बताया गया है। जनपद के इंजीनियरों एवं अन्य जिम्मेदारों की माने तो 5 से 10 फिसदी कार्य शेष है। यदि विभाग की जिम्मेदारों की बातों को मान लिया जाए तो अमृत सरोवर लगभग पूर्ण रुपेण तैयार है। लेकिन इन आठ अमृत सरोवरों की जमीनी स्थिति देखी जाए तो आज भी जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में ही आठ में से एक भी अमृत सरोवर में पानी देखने के लिए नहीं मिलेगा। सबसे बड़ा सवाल यह उठना है कि इतने बड़े प्रोजेक्ट में इतनी बड़ी राशि खर्च की गई लेकिन पहले ही बर्ष यदि इन सरोवरों में पानी नहीं रुक पाया। इन अमृतसरों में पानी न रुकने का कारण क्या है। कुछ ऐसे सवाल है जिसका उत्तर प्रोजेक्ट के इंजीनियर ही बता सकते हैं। सामान्य रूप से देखा जाए तो एक किसान यदि अपने खेत में छोटा सा बांध बना देता है। या छोटे से तालाब का निर्माण करता है तो उसमें जनवरी माह तक ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष पानी मिल जाता है। लेकिन यहां के हालात कुछ और है जिस अमृत सरोवर के निर्माण में शासन के लाखों रुपए खर्च हो गए यहां तक की विभाग की जानकारी के अनुसार कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुके हैं। फिर भी इन सरोवरों में पानी का ना होना निर्माण कार्य करने वाली एजेंसियों एवं निर्माण कार्यों की परख करने वाले जिम्मेदारों के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगाते है। हकीकत क्या है यह तो जांच उपरांत पता चलेगा लेकिन जो जमीनी हालात बोलते हैं उसे साफ जाहिर होता है की जिम्मेदार हमले द्वारा शासन के इतने बड़े प्रोजेक्ट पर कहीं ना कहीं लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण सिंचाई के साथ क्षेत्र के जलस्तर को बढ़ावा देने की बेहतर स्थिति इन अमृतसरों में परिंदों तक के लिए पानी नसीब नहीं है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

जनपद क्षेत्र के शिवराजपुर, भीर, कोट, जोधपुर सहित आठ अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण है। इन अमृत सरोवरों में मात्र 10 फिसदी निर्माण कार्य शेष है। जो अति शीघ्र पूर्ण हो जाएगा ग्राम पंचायत दूबी के अमृत सरोवर का निर्माण कार्य कुछ अवरोध के कारण समय पर नहीं हो सका, जल्द ही प्रारंभ हो जाएगा। जिन अमृतसरों का कार्य 90 फीसद पूर्ण हो चुका है। उन सरोवर में बरसात के सीजन में पानी थाप वर्तमान में नहीं है। निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद अगली बारिश बाद यह निश्चित हो पाएगा कि इन अमृतसरों में पानी का भराव कितना होगा।

**अनीश पांडे**
**एपीओ जनपद पंचायत**
**नईगढ़ी जिला मऊगंज**

# 8 कार्य अधूरे तो एक अमृत सरोवर निर्माण की अभी भी नहीं पड़ी बुनियाद

## जिले के नईगढ़ी जनपद में अमृत सरोवर प्रोजेक्ट की प्रगति अधर में, कागजों में दिखाई जा रही पूर्णता

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी में निर्माणाधीन कई योजनाओं के कार्य जो समय पर पूर्ण हो जाने चाहिए थे। आज तक पूरे नहीं हो पाए केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना भी उसका एक उदाहरण है। जिसकी प्रगति आज तक कछुआ गति से दिखाई दे रही है। पंचायत चुनावों के बाद इस योजना को पूरा करने के लिए कुछ प्रयास भी हुए इसके बाद भी सभी कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हो पाए इससे समझा जा सकता है। कि यहां का ग्रामीण विकास विभाग न कार्यों की पूर्णता व गुणवत्ता को लेकर कभी भी गंभीर नहीं रहा। जिसका जीता जागता उदाहरण मऊगंज जिला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत नईगढ़ी में प्रत्यक्ष नजर आता है। अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु जनपद पंचायत नईगढ़ी को कुल 9 प्रोजेक्ट मिले थे। जिनमें से आठ प्रोजेक्ट आज भी आधे अधूरे पड़े हैं। वही एक प्रोजेक्ट आज भी ऐसा है, जिसकी आज तक बुनियाद तक नहीं पड़ी। जबकि समीक्षा बैठक दौरान जनपद पंचायत नईगढ़ी के जिम्मेदार हर बार यही कहते आए हैं। कि एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा हाल ही में जिला पंचायत सीईओ द्वारा जनपद सभागार नईगढ़ी में समीक्षा बैठक ली गई थी। जिसमें जनपद के जिम्मेदारों द्वारा उत्तर दिया गया था। कि दूवी ग्राम पंचायत का अमृत सरोवर निर्माण कार्य आज से ही प्रारंभ कर दिया जाएगा। वही शिवराजपुर, भीर, कोट, जोधपुर जैसे निर्माण कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएंगे। लेकिन मौका ए हाल बयां करते हैं कि अधिकारियों के आदेश का जनपद पंचायत नईगढ़ी के जिम्मेदारों पर कोई असर नहीं पड़ा। और निर्माण कार्य जिस स्थिति में थे। आज भी वैसे ही नजर आते हैं

### एक भी अमृत सरोवर प्रोजेक्ट पूर्ण नहीं

जिले के नईगढ़ी जनपद पंचायत में कुल 9 की संख्या में अमृत सरोवर प्रोजेक्ट मंजूर किए गए थे। लेकिन समय सीमा गुजर जाने के बाद भी एक भी प्रोजेक्ट कार्य पूर्ण नहीं हो सके। जबकि अमृत सरोवर योजना केंद्र सरकार के प्राथमिकता वाली योजना थी। किंतु जनपद पंचायत नईगढ़ी के इंजीनियरों एवं अन्य जिम्मेदारों द्वारा इस योजना की प्रगति को इस तरह से घसीटा गया कि लगता है कि निर्मित होने वाले सरोवर इनके पूर्ण हो जाने की संभावनाएं अभी भी भविष्य के गर्त में है। जिस तरह से प्रगति दिखाई दे रही है उससे लगता है कि अभी



सप्ताह नहीं बल्कि कई माह या साल भी लगा सकते हैं इतनी बड़ी राशि खर्च के बाद ना तो कोई लाभ दिख रहा और नाहि कार्य पूर्ण हो रहे हैं। जिससे करोड़ों के व्यय का कोई औचित्य नहीं है। यहां का ग्रामीण विकास विभाग ऐसा लगता है कि इस योजना के कार्य को पूरा करने के लिए कोई रुचि नहीं ले रहा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजना की चर्चा नहीं

यह भी देखा जा रहा है कि वर्तमान में जब विकसित भारत यात्रा चल रही है। तब इस तरह की योजनाओं की कोई चर्चा नहीं हो रही है। यात्रा में जहां संबल योजना उज्ज्वला योजना शौचालय व खाद्यान्न योजना के साथ आयुस्मान के आंकड़े प्रस्तुत किए जा रहे हैं। वही इन योजनाओं पर कोई चर्चा नहीं हो रही है। जो वास्तव में लंबे समय से अधर में लटकी हुई है। अमृत सरोवर योजना भी उन योजनाओं में से एक है। आखिर क्या कारण है।कि इतने लंबे समय से अमृत सरोवरों को निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। जबकि इस तरह कार्य तो महीने भर में पूरा हो जाना चाहिए।

### बारिश के पहले होती पूर्णता तो जलस्तर ठीक होता

यदि अमृतसर वालों का निर्माण कार्य बारिश से पहले पूरा हो गया होता तो मऊगंज जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी क्षेत्र के सभी सरोवरों में जल भराव होता और उसका असर जल स्तर पर होता। प्राकृतिक स्तर पर भी इसका सकारात्मक असर दिखता। सरोवर में मछली पालन भी किया जाना था। और सरोवर के आसपास पौधरोपण भी कराया जाना था। किंतु सभी सरोवरों का निर्माण ही नहीं हुआ तो यह सब कैसे हो सकता है। उधर जनपद के इंजीनियरों एवं अन्य जिम्मेदार कुछ सरोवरों को पूर्णता दिखा रहे हैं। समीक्षा बैठक दौरान जिम्मेदारों ने उच्च अधिकारियों को बताया कि आंशिक कार्य शेष हैं। यहां सबसे बड़ा सवाल यह उठता है। कि जब आंशिक कार्य शेष हैं। तो आखिर निर्माण कार्य पूर्ण कब होगा उच्च अधिकारियों द्वारा इन निर्माण कार्यों की प्रगति को यदि देखा जाए तो पता चलेगा कि सब कुछ केवल कागजों तक ही सीमित है। इसे समझा जा सकता है कि शासन की बड़ी योजनाओं को दबाने और जनता की नजरों से छुपाने के लिए यहां का स्थानीय प्रशासन किस तरह के आंकड़ों का खेल खेल रहा है।